निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

6 पौष 1942 (श0)

(सं0 पटना 72) पटना बुधवार 27 जनवरी 2021

सामान्य प्रशासन विभाग

आदेश

21 दिसम्बर 2020

सं० 3/एम0–54/2015/12282/सा0प्र0—राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग का संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 निर्गत है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही, संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. संकल्प की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत निम्नांकित पदों को संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 की अनुसूची में सम्मिलित किया जाता है :–

क्र0 सं0	विभाग का नाम	विभागीय संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.15 अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले प्रस्तावित पद।
1.	समाज कल्याण विभाग (दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय)	(i) राजकीय मूक–बधिर विद्यालय, पटना, दरभंगा, भागलपुर एवं मुंगेर के– सहायक शिक्षक, शिल्प शिक्षक, सिलाई/बुनाई अनुदेशक।
		(ii) राजकीय नेत्रहीन उच्च/मध्य विद्यालय, पटना, दरभंगा एवं भागलपुर के– सहायक शिक्षक (स्नातक प्रशिक्षित), सहायक शिक्षक (मैट्रिक प्रशिक्षित), संगीत शिक्षक।

3. उपरोक्त पदों पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवक के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं इन पदों पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
सिद्धेश्वर चौधरी,
सरकार के अवर सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 72-571+10-डी0टी0पी0
Website: http://egazette.bih.nic.in